प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या ..52 /2026)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

**क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल**

वेबसाइट: - www.trai.gov.in तत्काल प्रकाशन हेतु

.....21.. **अप्रैल 2026**

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने उत्तर-प्रदेश (पूर्व) एल एस ए (LSA) के लिए हरदोई एवं शाहजहांपुर शहर और आसपास के क्षेत्र तथा वाराणसी से प्रयागराज रेलवे में मोबाइल सेवा ऑपरेटरों की नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (**IDT**) के निष्कर्ष

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भा.दू.वि.प्रा.) ने फ़रवरी 2026 के महीने के दौरान हरदोई एवं शाहजहांपुर शहर और आसपास के क्षेत्र तथा वाराणसी से प्रयागराज रेलवे में इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) आयोजित किए थे। इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) को विभिन्न उपयोगी वातावरणों – जैसे शहरी ,हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्र, आदि में रीयल वर्ल्ड के मोबाइल प्रदर्शन को आंकने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

भा.दू.वि.प्रा. ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से हरदोई एवं शाहजहांपुर शहर और आसपास के क्षेत्र तथा वाराणसी से प्रयागराज रेलवे मार्ग में 16 फ़रवरी से 20 फ़रवरी 2026 के दौरान 426.0 किलोमीटर सिटी टेस्ट, 123.2 किलोमीटर रेलवे रूट टेस्ट और 4.2 किलोमीटर वॉक टेस्ट आयोजित किए। ड्राइव टेस्ट के दौरान, सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम कार्डों के साथ एडवांस टेस्ट हैंडसेटों का उपयोग करते हुए 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर लाइव डेटा और वॉयस सेशन स्थापित किए गए थे। आईडीटी के निष्कर्षों को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रेषित कर दिया गया है।

**प्रमुख मूल्यांकित पैरामीटर** :

**क. वॉइस सेवाएं**: कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), ड्रॉप कॉल रेट, (DCR), कॉल सैटअप टाईम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वॉलिटी MOS कवरेज

**ख. डेटा सेवाएँ**: डाउनलोड/ अपलोड थ्रूपुट , लेटेंसी, ज़िटर, पैकेट ड्रॉप रेट, और वीडियो स्ट्रीमिंग डिले

**कॉल सेटअप सक्सेज रेट:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः 99.86%, 91.23%, 100.00% और 99.44% की है।

**ड्रॉप कॉल दर:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.14%, 2.75, 0.56% और 0.00% की है।

* ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में सिटी ड्राइव टेस्ट (वॉयस टेस्टिंग) के दौरान एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल के लिए शहरी ड्राइव के दौरान तय

किए गए मार्ग के क्रमशः 3.18%, 23.62%, 3.91% और 15.47% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।


* * ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में सिटी ड्राइव टेस्ट (डेटा टेस्टिंग) के दौरान एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल के लिए शहरी ड्राइव के दौरान तय किए गए मार्ग के क्रमशः 15.20%, 31.13%, 18.18% और 32.37% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।


* ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में रेलवे ड्राइव टेस्ट (वॉयस टेस्टिंग) के दौरान एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल के लिए शहरी ड्राइव के दौरान तय किए गए मार्ग के क्रमशः 2.19%, 39.67%, 1.44% & 14.75% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।

* * ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में रेलवे ड्राइव टेस्ट (डेटा टेस्टिंग) के दौरान एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल के लिए शहरी ड्राइव के दौरान तय किए गए मार्ग के क्रमशः 11.66%, 36.29%, 9.39% & 21.17% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।

**सेवा गुणवत्ता के प्रमुख मानदंडों पर निष्पादन का सारांश :**

**CSSR**: कॉल सेटअप सक्सेज रेट (% में), **CST**: कॉल सेटअप टाईम (सेकंड में), **DCR**: ड्रॉप कॉल रेट (% में) और **MOS**: मीन ओपिनियन स्कोर।




| सारांश-वॉइस सेवाएं | सारांश-डेटा सेवाएँ |
|---|---|
| **कॉल सेटअप सक्सेज रेट**:ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः 99.86%, 91.23%, 100.00% और 99.44% है।<br><br>**कॉल सेटअप टाईम :** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाईम क्रमशः | **डेटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 102.77 Mbps, बीएसएनएल(4G/3G/2G) की 6.77 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 158.48 Mbps और वीआईएल (4जी/2जी) की 38.39 Mbps है।<br><br>**डेटा अपलोड प्रदर्शन ( समग्र ):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड गति 17.25 Mbps है, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 2.92 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 20.53 Mbps है और वीआईएल (4G/2G) की 10.33 Mbps है। |

1.21, 3.93, 0.65 और 1.20 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट :** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.14%, 2.75, 0.56% और 0.00% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट :पैकेट स्विच्ड** नेटवर्क **(4G/5G) में** एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल रेट क्रमशः 0.60%, 0.80% और 4.33% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (MOS):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का औसत MOS क्रमशः 3.95, 2.54, 4.42 और 4.25 है।

**लेटेंसी (समग्र ): 50th पर्सेंटाईल लेटेंसी** एयरटेल 42.63 मि.से. है, बीएसएनएल की 37.56 मि.से. है, आरजेआईएल 19.88 मि.से. है और वीआईएल 32.61 मि.से. है।

**डेटा प्रदर्शन - हॉटस्पॉट (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 35.88 | 4G U/L: 5.51 |
| | 5G D/L: 125.73 | 5G U/L: 37.63 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 4.68 | 4G U/L: 5.12 |
| आरजेआईएल- | 4G D/L: 41.60 | 4G U/L: 14.39 |
| | 5G D/L:142.48 | 5G U/L: 14.88 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 28.17 | 4G U/L: 10.31 |

**नोट- "D/L" डाउनलोड स्पीड, "U/L" अपलोड स्पीड**

विस्तृत रिपोर्ट www.trai.gov.in पर भा.दू.वि.प्रा. की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी के लिए, आप भा.दू.वि.प्रा. के भोपाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के सलाहकार श्री संजय कुमार गुप्ता को adv.bhopal@trai.gov.in पर ईमेल भेज सकते हैं या से टेलीफोन नंबर +91-755-2575501 पर संपर्क कर सकते हैं।

21/4/2026

(संजय कुमार गुप्ता)
सलाहकार , भा.दू. वि.प्रा
क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल